भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2538**
09 जुलाई, 2019 को उत्तर देने के लिए

## मेगा फूड पार्क

**2538. श्री एस. मुनिस्वामी:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** क्या सरकार के पास कर्नाटक के कोलार क्षेत्र सहित देश में मेगा फूड पार्क शुरू करने का कोई प्रस्ताव है;

**(ख)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

**(ग)** इसके लिए किन-किन क्षेत्रों की पहचान की गई है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

**(क)से(ग):** जी, नहीं । मंत्रालय की मेगा फूड पार्क स्कीम के अंतर्गत प्रस्ताव समय-समय पर अभिरुचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से आमंत्रित किए जाते हैं । इस समय मंत्रालय ने स्कीम के अंतर्गत प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कोई ईओआई जारी नहीं की है । अब यह स्कीम केंद्रीय क्षेत्र की नई अम्ब्रेला स्कीम-प्रधान मंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमसकेएसवाई) का एक घटक है और आज की तारीख में कर्नाटक के कोलार क्षेत्र सहित देश में मेगा फूड पार्क शुरू करने के लिए कोई भी प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है । परंतु मंत्रालय ने स्कीम के अंतर्गत मेगा फूड पार्क परियोजनाओं की स्थापना करने के लिए कर्नाटक राज्य में दो परियोजनाओं को अंतिम अनुमोदन दे दिया है । खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय अपने स्तर पर मेगा फूड पार्कों की स्थापना नहीं करता है परंतु मेगा फूड पार्क स्कीम के अंतर्गत मेगा फूड पार्कों की स्थापना करने के लिए कंपनीज अधिनियम और राज्य सरकार/राज्य सरकार के संस्थाओं/सहकारिताओं के अंतर्गत पंजीकृत विशेष प्रयोजन संस्था (एसपीवी) को सहायता देता है । कर्नाटक राज्य में इन परियोजनाओं का उनके कार्यान्वयन की स्थिति सहित विवरण निम्नानुसार हैः

| **क्र.सं.** | **परियोजना का नाम** | **परियोजना लागत (करोड़ रुपए)** | **सैद्धांतिक अनुमोदन का दिनांक** | **अंतिम अनुमोदन का दिनांक** | **अनुमोदित अनुदान की राशि (करोड़ रुपए)** | **जारी किए गए अनुदान की राशि (करोड़ रुपए)** | **स्थिति** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एकीकृत फूड पार्क प्रा.लि., तुमकुर, **कर्नाटक** | 144.33 | 03.08.2010 | 27.03.2011 | 50 | 48.22 | पूरा हो चुका |
| 2. | फेवोरिच इन्फ्रा प्रा.लि., मंड्या, **कर्नाटक** | 113.83 | 03.01.2017 | 19.12.2017 | 50 | 15.00 | कार्यान्वयन किया जा रहा है |

*****